उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 02 आश्विन, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 18 सितम्बर, 2018 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ ''वन्दे मातरम्'' (दिखिये नत्थी **''क''**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **''ख''**)

3. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ग"**)

4. निधन के निदेश।

5. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान) अध्यादेश, 2018 (अध्यादेश संख्या 02, वर्ष 2018) को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018 (अध्यादेश संख्या 01, वर्ष 2018) को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, 'उत्तराखण्ड राज्य सूक्ष्म तथा लघु उद्यम सुकरीकरण परिषद नियमावली' 2018 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2007-2008 से 2014-2015 सदन के पटल पर रखेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

9. सभापति, उत्तराखण्ड विधान सभा की आश्वासन समिति का सत्ताईसवाँ, अट्ठाईसवाँ, उन्तीसवाँ, तीसवाँ तथा इकतीसवाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वेतरित की जायेंगी।)

10. उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा की नियम समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

11. सचिव, विधान सभा उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक को सदन के पटल पर रखेंगे।

12. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

    (1) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 28 मार्च, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन), विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 09 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा विविध (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 10 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड भाषा संस्थान विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का सोलहवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का अठ्ठारवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड गौ एवं महिषवंशीय प्रजनन विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 14 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965) (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 16 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का बीसवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड विविध विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 18 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 19 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का बाईसवां अधिनियम बन गया।

(11) उत्तराखण्ड (संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकुलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 23 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का तेईसवां अधिनियम बन गया।

(12) पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का चौबीसवां अधिनियम बन गया।

(13) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकुलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 24 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का पच्चीसवां अधिनियम बन गया।

(14) अनानुदानित निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थाओं (प्रवेश तथा शुल्क निर्धारण)(विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 27 अप्रैल, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

(15) उत्तराखण्ड पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 मई, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का सताईसवां अधिनियम बन गया।

(16) उत्तराखण्ड धर्म स्वतन्त्रता विधेयक, 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 मई, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का अठ्ठाईसवां अधिनियम बन गया।

13. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

14. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-टकसा में मैन रोड से कंवर सिंह के खेत तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में "श्री रविन्द्र पुत्र श्री सेवाराम ग्राम टकसा पो0 मंगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-खुण्डेवाली में मैन रोड से बिरम सिंह के मकान तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री बृहम सिंह नेता पुत्र श्री मान सिंह नेता ग्राम खुण्डेवाली पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-सुल्तानपुर साबतवाली में मैन रोड से नरेन्द्र के मकान तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सदेश कुमार पुत्र श्री अमर सिंह ग्राम साबतवाली पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-हरजौली झोझा में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण के सम्बन्ध में" नादिमा पुत्र मुरसलीन ग्राम हरजौली झोझा पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-साबतवाली में महाड़ी की चारदीवारी के सम्बन्ध में'' श्री श्रवण चौधरी पुत्र श्री मानसिंह ग्राम साबतवाली पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री बंशीधर भगत, सदस्य विधान सभा द्वारा ''चांदनी चौक घुरदौड़ा(कलीपुर), में सी0 सी0 मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अशोक कुमार भट्ट, ग्राम चांदनी चौक घुरदोड़ा (कालीपुर) पो0 देवलचौड़, हल्द्वानी जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री बंशीधर भगत, सदस्य विधान सभा द्वारा ''चांदनी चौक घुरदौड़ा एलोपैथी चिकित्सालय सम्पर्क कार्य निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री रूप सिंह विष्ट, ग्राम चांदनी चौक घुरदोड़ा पो0 देवलचौड़, हल्द्वानी जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में तालाब की पैचिंग व सौन्दर्यकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री बाबू राम पुत्र श्री फूल सिंह ग्राम डेलना पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खडखडी दयाला में झबरेड़ा सीडकी मार्ग से रविदास मन्दिर तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' डा0 सुरेश चौधरी पुत्र श्री दिलेराम ग्राम खड़खड़ी दयाला पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हीराहेडी में पानी की टंकी के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप पुत्र श्री देवीचन्द ग्राम हीराहेड़ी पो0 झबरे़ड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में वाल्मिकी बस्ती से झबरेड़ा इकबालपुर मैन रोड तक पी०सी०सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सिंह पुत्र श्री कंवरपाल सिंह ग्राम डेलना पो0 झबरे़ड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कृष्णा नगर में शिवमन्दिर का सौन्दर्यकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री अमर सिंह गहलोत पुत्र श्री ताराचन्द ग्राम कृष्णा नगर पो0 रुड़की जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम देवपुर में शिवमन्दिर का सौन्दर्यकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री बाबू राम पुत्र श्री फूल सिंह ग्राम डेलना पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण में रविदास मन्दिर के सौन्दर्यकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री समन्द्र सैन पुत्र श्री भूरा सिंह ग्राम लाठरदेवाहूण पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हैश्यामपुर में मन्दिर का सौन्दर्यकरण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री चतर सिंह पुत्र श्री पचपलासिंह ग्राम हैश्यामपुर, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण में शमशान घाट की चारदीवारी कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री भूरा सिंह पुत्र श्री बलजीत ग्राम लाठरदेवाहूण पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर से श्यामपुर होते हुए कोट्वाल तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री राजवीर पुत्र श्री भोपाल ग्राम हैश्यामपुर पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ाके ग्राम कुमराड़ा ग्राम में तलाब की पैचिंग के सम्बन्ध में'' श्री प्रवीण पुत्र श्री विजेन्द्र ग्राम कुमराणा पो0 मगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कुमराडा से ग्राम ठसका लिंक रोड पी0 सी0 सड़क के सम्बन्ध में'' श्री विरेन्द्र पुत्र श्री ब्रह्मदत्त ग्राम ठसका पो0 मंगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मखदुमपुर में प्रधान विजय कुमार के चौक से सढोली काहबोली मार्ग तक पी0 सी0 सड़क के सम्बन्ध में'' श्री रजत कुमार पुत्र श्री देशराज ग्राम मखदुम पुर पो0 मगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम ताशीपुर से पाडली गुर्जर फाटक से इकबालपुर मार्ग तक पी0 सी0 सड़क के सम्बन्ध में'' श्री राजेश पुत्र श्री प्रेम ग्राम व पो0 ताशीपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका।

35. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत तहसील बालगंगा की गोनगढ़ पेयजल योजना हेतु धन आवंटन के सम्बन्ध में'' श्री राजेश सिंह पुत्र श्री चतर सिंह, ग्राम-श्रीकोट गांव, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत तहसील घनसाली एवं बालगंगा के दैवीय आपदा एवं भूस्खलन से प्रभावित गांवों को पुर्नवासित किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री धनपाल सिंह राणा, ग्राम-धारगांव, पो0 धोपड़धार भिलंग, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

37. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत विकासखण्ड भिलंगना का पुर्नगठन कर पृथक बालगंगा विकासखण्ड सृजन के सम्बन्ध में'' श्री राजकुमार कठैत पुत्र श्री उत्तम सिंह, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं

38. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत भिलंग घाटी में अनेक पर्यटक स्थालों को चिन्हित कर विकसित करने के सम्बन्ध में" श्री त्रेपन सिंह बर्त्वाल, ग्राम गंवाणा मल्ला भिलंग, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली, टिहरी बांध से प्रभावित ग्राम पिलखी, बौंर, पिपोला, असेना, देवल, चाकरूसेरा आदि के विस्थापन के सम्बन्ध में" श्री कृष्णा गैरोला, ग्राम पिल्खी, पो0 पिलखी, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा "उत्तराखण्ड पेयजल निगम एवं जल संस्थान विभाग को केन्द्र पोषित योजना एन0 आर0 डी0 डब्लू0 पी0 के तहत आवंटन होने वाली धनराशि का प्रतिशत बढ़वाने के सम्बन्ध में" श्री त्रेपन सिंह बर्त्वाल, ग्राम गंवाणा मल्ला भिलंग, पो0 धुत्रु, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट, मुनार बैण्ड ( भद्रतुंगा से सूपी ) मोटर मार्ग के मानकानुसार निर्माण कार्य न किये जाने के सम्बन्ध में" श्री कवीन्द्र सिंह, पुत्र श्री जोगा सिंह ग्राम मुनार, पो0 मुनार, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत हरसीला नान कन्याली कोट मोटर मार्ग का मानकानुसार निर्माण कार्य न होने के सम्बन्ध में" श्री जमन सिंह, पुत्र श्री शोवन सिंह ग्राम हरसीला, पो0 हरसीला, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत रिखाड़ी-वाछम मोटर मार्ग का मानकानुसार निर्माण कार्य न होने के सम्बन्ध में" श्री लाल सिंह, पुत्र श्री प्रेम सिंह ग्राम रिखाड़ी, पो0 रिखाड़ी, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत लीती-गोगिना मोटर मार्ग का मानकानुसार निर्माण कार्य न होने के सम्बन्ध में" श्री गोपाल सिंह, पुत्र श्री हर सिंह ग्राम लीती, पो0 रिखाड़ी, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कपकोट-कर्मी मोटर मार्ग का मानकानुसार निर्माण कार्य न होने के सम्बन्ध में" श्री शेर सिंह, पुत्र श्री गंगा सिंह ग्राम भगर, पो0 भगर, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री बलवन्त सिंह भौंर्याल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कन्यालीकोट-जगथाना मोटर मार्ग का मानकानुसार निर्माण कार्य न होने के सम्बन्ध में" श्री उम्मेद सिंह, पुत्र श्री पदम सिंह ग्राम कन्यालीकोट, पो0 कन्यालीकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्रीमती ममता राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री शीशपाल, पुत्र श्री राजपाल ग्राम डाडली, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगी।

48. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबीरड़ में रविदास मन्दिर का सौर्न्दयीकरण यकरण के सम्बन्ध में" श्री हिट्लर पुत्र श्री मंगलसैन ग्राम झबीरड़ पो0 मगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भिस्तीपुर में अम्बेडकर पार्क के सम्बन्ध में" श्री अंकित कुमार पुत्र श्री प्रेम सिंह ग्राम भिस्तीपुर पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम अकबरपुर में कब्रिस्तान की चारदीवारी के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री इकराम अली पुत्र श्री जुल्फकार ग्राम अकबरपुर पो0 झबरेड़ा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबीरड़ में तेल्लूराम सैनी के खेत से ग्राम ढसका भट्ठे की ओर लिंक रोड़ का निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अनुज पुत्र श्री प्रीतम ग्राम झबीरड़ पो0 मंगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबीरड़ से देवबन्द रोड तक पी0 सी0 सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री चन्द्रपाल पुत्र श्री रामचन्द्र ग्राम झबीरड़ पो0 मंगलौर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में बारात घर का सौर्न्दयीकरण के सम्बन्ध में" श्री श्रवण पुत्र श्री कमलेश ग्राम व पो0 ताशीपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

55. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

56. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

57. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (उ0प्र0 शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002, (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

58. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (उ0प्र0 शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002, (संशोधन) विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

59. मुख्यमंत्री, न्यायालय शुल्क (उत्तराखण्ड संशोधन), विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

60. मुख्यमंत्री, न्यायालय शुल्क (उत्तराखण्ड संशोधन), विधेयक, 2018 को पुरःस्थापित करेंगे।

61. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**घ**")

62. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

63. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक :17 सितम्बर, 2018

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

द्वितीय सत्र, 2018 का
प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

मंगलवार,

आश्विन 02, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 18 सितम्बर 2018 )

नत्थी 'ख'

तारांकित प्रश्न

उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश

07.02.2018

'1. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 में राज्य का कुल स्वीकृत परिव्यय कितना है? इस स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष स्पेशल कम्पोनेन्ट सब प्लान के अन्तर्गत किन–किन विभागों को कितनी धनराशि इस योजनान्तर्गत आवंटित की गयी तथा आवंटित धनराशि के सापेक्ष कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी? क्या सरकार वर्ष 2017–18 में उक्त योजनान्तर्गत आय–व्ययक का जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

## नत्थी 'ग'

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.06.2018 | '1. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि नन्दा देवी कन्याधन योजना में नवजात पुत्री व मॉ का संयुक्त खाता केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में ही खोले जाने का प्रावधान रखा गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय जिलों में सभी स्थानों पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखाऐं नहीं है, जिस कारण कई बार 60–70 कि0मी0 की दूरी तक जाकर खाता खुलवाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार जनता की इस परेशानी को देखते हुए सभी स्थानीय बैंकों को इन योजनाओं हेतु अधिकृत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.06.2018 | '2. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि उनके विभाग में विभिन्न पेंशन योजनाओं की स्वीकृति हेतु आय का मानक जो पूर्व से 1000/– प्रति माह था उसे बढ़ाकर सरकार द्वारा 4000/–प्रति माह कर दिया गया है? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत है कि गौरादेवी कन्या धन योजना जो आय का मानक पूर्व से ही रूपया 1300/–प्रति माह से अधिक था, उसे आज समय तक नहीं बढ़ाया गया है, जिससे गरीब कन्याऐं इसका लाभ लेने से वंचित रह जा रही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार पेंशन योजना हेतु आय के मानक के अनुसार ही गौरादेवी कन्या धन योजना हेतु भी आय का मानक 4000/–प्रति माह से अधिक करते हुए सभी गरीब कन्याओं को इसका लाभ देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.06.2018 | '3. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत गोलना–हिलगाड़ सिंचाई नहर विगत 3 वर्षों से बन्द पड़ी है, जिससे स्थानीय कृषकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और नहर से की जाने वाली सिंचाई का कोई लाभ नहीं पा हो रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी गोलना–घिलगाड़ बन्द पड़ी सिंचाई नहर को जनहित में पुनः प्रारम्भ करने की कार्यवाही करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.06.2018 | '04. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पेशेवर भिक्षावृत्ति में हो रही वृद्धि को रोकने के लिए सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.06.2018 | '5. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण के गठन का उद्देश्य पर्यटन व सहयोगी गतिविधियों के उन्नयन, भूमि अधिग्रहण, महायोजना तैयार करना, पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधा का विकास करना एवं विविध गतिविधियों के लिए लाईसेन्स जारी करना है? यदि हां, तो स्थापना से लेकर आज तक क्या–क्या कार्य किये गये? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.06.2018 | '6. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016–17 में विशेष केन्द्रीय सहायता (स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लॉन) के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कुल कितने परिवारों को लाभान्वित किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2015–16 व 2016–17 में इस मद में कितनी धनराशि का आवंटन हुआ था और कुल कितने परिवारों को लाभान्वित किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.06.2018 | ’7. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम लि0 की कितनी बसें उत्तराखण्ड डिपो के सभी वर्कशापों में खड़ी है? इन बसों का वर्कशाप में खड़े होने का क्या कारण है? इन बसों को चलाए जाने हेतु सरकार द्वारा क्या योजना बनाई जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.06.2018 | ’8. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि सरकार द्वारा प्रदेश में अनुसूचित जाति व गरीब विधवा महिलाओं की बेटियों हेतु अनुदान राशि देने का प्रावधान किया गया है परन्तु अधिकांश लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार जिलेवार प्राप्त होने वाले पात्र आवेदनों का विवरण देते हुए बताने का कष्ट करेंगी कि कितने आवेदकों को भुगतान किया गया एवं कितनों को भुगतान नहीं किया गया? क्या सरकार द्वारा सभी पात्र आवेदकों को भुगतान किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.06.2018 | ’9. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बिक्री हो रहे नकली हेलमेट के कारण अत्यधिक मार्ग दुर्घनाओं से जान–माल की क्षति हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार आई0एस0आई0 मार्क हेलमटों को अनिवार्य करने एवं नकली हेलमेट पर प्रतिबन्ध लगाएगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.06.2018 | ’10 **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>’’क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत बजट निर्धारण के मापदण्ड क्या है? विगत तीन वर्षों में कितना बजट आवंटित एवं व्यय हुआ? क्या सरकार द्वारा नीति आयोग भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन बजट निर्धारण/मापदण्ड में किया गया है यदि नहीं, तो क्यों और इसके क्या कारण है?’’ | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.06.2018 | ’11. **स्थगित**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 में राज्य का कुल स्वीकृत परिव्यय कितना है? इस स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष स्पेशल कम्पोनेन्ट सब प्लान के अन्तर्गत किन–किन विभागों को कितनी धनराशि इस योजनान्तर्गत आवंटित की गयी तथा आवंटित धनराशि के सापेक्ष कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी? क्या सरकार वर्ष 2017–18 में उक्त योजनान्तर्गत आय–व्ययक का जनपदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री काजी मौ0निजामुद्दीन<br>07.06.2018 | ’12. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड में हैड और उत्तर प्रदेश में टेल वाली कितनी और कौन सी नहरें हैं? क्या मंत्री जी अवगत है कि प्रदेश के किसानों को इन नहरों की मरम्मत हेतु उत्तर प्रदेश पर निर्भर होना पड़ता है? क्या सरकार इन नहरों का स्वामित्व प्राप्त करने के लिए कार्य योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>12.06.2018 | ’13. क्या परिवहन मंत्री बतायेंगें कि टैक्सी कैब में दुर्घटना ग्रस्त मृतकों के परिजनों को प्रदत्त की जाने वाली अनुतोष राशि निर्धारित है अथवा अलग–अलग मामलों में अलग–अलग मानक अपनाये जाते हैं? क्या सरकार इस संबंध में कोई नीति निर्धारित करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेश राठौर<br>12.06.2018 | ’14. **प्रथम शुक्रवार के तारांकित–06 में स्थानान्तरित**<br>’’क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पहाड़ों में खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में सुविधा उपलब्ध है? यदि हां, तो जनपदवार विवरण पटल पर रखेगें? | |

| | | |
|---|---|---|
| | यदि नहीं, तो कब तक किसान हित, लोकहित महत्व के विषय पर पर्वतीय सिंचाई एवं कृषि नीति बनायी जायेगी?'' | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>14.06.2018 | '15. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग विधान सभा में पिछले पांच वर्षों से समाज कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति गौरा कन्याधन योजना के मामले लम्बित है? समाज कल्याण विभाग का जिस वित्तीय वर्ष का बजट होता है उसका उल्लेख करने से केवल उसी वित्तीय वर्ष के छात्रों को लाभ मिलता है जबकि सभी अर्हतापूर्ण करने वाले पिछले वर्षों के छात्र छूट जाते है? क्या समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा इसका संज्ञान लेकर कोई समाधान निकाला गया है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.06.2018 | '16. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नये पर्यटन गन्तव्यों (डेस्टिनेसन) को विकसित करने की कोई योजना है? यदि हां, तो प्रदेश में वह कौन–कौन से स्थान है और उन स्थानों पर क्या–क्या सुविधायें विकसित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.06.2018 | '17. **तृतीय मंगलवार के तारांकित–01 में स्थानान्तरित**<br>''क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ तीर्थस्थल वैष्णोदेवी (जम्मू कश्मीर) पैदल पथ व अवस्थापना सुविधाओं की तर्ज पर राज्य के प्रसिद्ध तीर्थधाम यमुनोत्री, केदारनाथ तथा हेमकुण्ड में पैदल पथ व अवस्थापना सुविधाओं की कार्ययोजना बनाकर कियान्वयन सुनिश्चित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?'' | संस्कृति |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>19.06.2018 | '18. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिये सरकार द्वारा किन नई गतिविधियों को जोड़ा गया है? वित्तीय वर्ष 2017–18 और 2018–19 में अब तक यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के यमकेश्वर, द्वारीखाल और दुगड्डा विकासखण्डों में कितने युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में स्वरोजगार से जोड़ने के लिये कितनी राशि का ऋण और अनुदान दिया गया है और वितरित ऋण/अनुदान से कुल कितने व्यवसाय स्थापित हुए है? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>25.06.2018 | '19 क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगें कि वर्ष 2017–18 में बाढ़ सुरक्षा योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में कितनी योजनायें स्वीकृत हुई है उनके नाम योजनावार, स्वीकृत धनराशि का विवरण विधानसभावार क्या है? विधान सभा कर्णप्रयाग में कितनी योजनायें वर्ष 2017–18 में स्वीकृत हुई? योजना का नाम व धनराशि का विवरण क्या है? क्या यही सही है कि विधान सभा कर्णप्रयाग की 6 बाढ़ सुरक्षा योजनायें शासन में गत वर्ष से लम्बित है यदि हां, तो क्या इनके निर्माण हेतु सरकार स्वीकृति व धनराशि उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों, यदि हां, तो कब तक? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री फुरकान अहमद<br>02.07.2018 | '20. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिरान कलियर, दरगाह, रूड़की हरिद्वार को पांचवा धाम सरकारी मेला घोषित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो इसका सम्पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.02.2018 | 01. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के मानक क्या है? वर्ष 2015–16 में हरिद्वार जिले में निर्माण कार्यों हेतु विधानसभावार कितना धन आवंटन किया गया? विधान सभा झबरेड़ा में कितना धन आवंटन किया जा रहा है? यदि विधान सभा भगवानपुर से पिछली पंचवर्षीय योजना में कम धन आवंटित किया गया है इसके क्या कारण है? क्या विधान सभा झबरेड़ा में एस0सी0पी0 के अधीन कितना धन आवंटित किए जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री राजकुमार<br>23.02.2018 | 02. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत जनपदवार कुल कितना बजट आवंटन किया गया है? क्या उत्तराखण्ड के सभी जनपदों में अनुसूचित जाति/जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में बजट आवंटन/खर्च किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपदवार विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.06.2018 | 1. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सीमान्त विधान सभा खटीमा के क्षेत्रवासियों की मांग के आधार पर खटीमा के बस स्टेशन/स्टैण्ड को इसी के सामने चल रहे आश्रम पद्धति विद्यालय को खटीमा में अवस्थित पुराने सरकारी अस्पताल में स्थानान्तरित करने के बाद आश्रम पद्धति विद्यालय के खाली पड़े स्थान पर बस स्टेशन को स्थानान्तरित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो क्षेत्रवासियों द्वारा इस कार्य हेतु मांग पत्र दिये जाने पर परिवहन विभाग द्वारा उक्त विद्यालय को पुराने अस्पताल में स्थानान्तरित किये जाने हेतु अपने स्तर से संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को पूर्ण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.06.2018 | 2. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2016 तथा वर्ष 2017–18 में बाढ़ नियन्त्रण कार्यों की जनपदवार कितनी योजनाओं पर कुल कितना धन आवंटित किया गया तथा जनपद रूद्रप्रयाग के रूद्रप्रयाग एवं केदारनाथ विधान सभा में कौन–कौन सी योजनओं पर कितना–कितना धन खर्च हुआ तथा लम्बित योजनाओं पर सरकार कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>04.06.2018 | 3. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि वर्ष 2012 में जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में एक बस अड्डा तत्कालीन परिवहन मंत्री द्वारा स्वीकृत कराया गया था, जिसका शिलान्यास भी अक्टूबर 2016 में हो चुका है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि बस अड्डे का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में संचालित किया जा रहा है? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.06.2018 | 4. संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तराखण्ड राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, प्रथम व द्वितीय विश्वयुद्ध के वीर नायकों, भारत पाकिस्तान, भारत चीन, युद्व शहीद वीर नायकों, वीरांगनाओं आदि के जीवन से संबंधित आलेखों को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से वृहद संकलन एवं दस्तावेज के रूप में प्रकाशन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.06.2018 | 5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना हेतु 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक पूर्ण रूप से प्रभावित होने के फलस्वरूप पात्रता श्रेणी के अन्तर्गत नये पुनर्वास स्थलों पर पुनर्वासित किये गये है, या पुनर्वासित किये जा रहे है? क्या यह सत्य है कि वहां के शेष आंशिक रूप से प्रभावित परिवारों को भी पूर्ण रूप से प्रभावित माने जाने का प्राविधान पुनर्वास नीति के अन्तर्गत ग्रामीण पुनर्वास पैंकेज के बिन्दु संख्या–14 में प्राविधानित है? यदि हां तो क्या ऐसे शेष प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.06.2018 | 6. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संचालित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में वर्ष 2016–17 में प्रदेश में आवेदकों की संख्या क्या थी व स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा स्वीकृत आवेदकों की संख्या क्या थी और कितनों को ऋण उपलब्ध हो पाया? क्या यह सत्य है कि स्वीकृति के बाद भी कई बैंकों द्वारा ऋण देने से इंकार किया जाता है? यदि हां, तो क्या भविष्य में शत–प्रतिशत स्वीकृत आवेदकों को बैंकों से ऋण दिलाना सुनिश्चित कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>05.06.2018 | 7. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कुमईयॉ रौला–कुमालेश्वर, सिंचाई नहर विगत 3 वर्षों से बन्द पड़ी है, जिससे स्थानीय कृषकों को भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है और नहर से की जाने वाली सिंचाई का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी कुमईयॉ रौला–कुमालेश्वर बन्द पड़ी सिंचाई नहर को जनहित में पुनः प्रारम्भ करने की कार्यवाही करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.06.2018 | 8. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है ग्राम खनगढ़, दुगड्डा तहसील कोटद्वार, गढ़वाल स्थित स्थानीय ग्रामवासियों की आस्था के स्थल बाबा गरीबदास के मंदिर तक जाने का पैदल मार्ग बहुत ही दुर्गम एवं असुरक्षित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त मंदिरों के लिए बद्रीनाथ मोटर मार्ग से सुरक्षित पैदल मार्ग बनवाये जाने के निर्देश देगें? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.06.2018 | 9. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में योग को बढ़ावा देने के लिए योग अभ्यास केन्द्रों को खोले जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.06.2018 | 10. पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत स्वीकृति धनराशि से मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण के लिए वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 में धनराशि खर्च की गयी है? यदि हां, तो अनुसूचित जाति के लोगों के मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण पर कितनी धनराशि व्यय की गयी? यदि हां, तो सरकार ऐसे समस्त सौन्दर्यीकरण संबंधी मंदिरों व धार्मिक स्थलों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.06.2018 | 11. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि राज्य में रोटी बैंक योजना जिसका शुभारंभ रूद्रपुर से शुरू किया गया गरीब पिछड़े एवं दलित वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए शुरू की गई है? यदि हां, तो यह योजना राज्य के किन–किन जिलों में लागू है? क्या सरकार द्वारा हरिद्वार जिले में इस योजना को शुरू किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.06.2018 | 12. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि परिवहन विभाग द्वारा चलाई जाने वाली बस सेवा देघाट–देहरादून को विभाग द्वारा नियमित रूप से नहीं चलाया जा रहा है, कभी– कभी 2–3 दिन भी बस देघाट तक नहीं आती है और उसे रामनगर से ही वापस भेज दिया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार देघाट–देहरादून बस सेवा को नियमित तौर पर चलाकर जनता को इसका लाभ देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.06.2018 | 13. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि विधवा महिला व अनुसूचित जाति वर्ग के पुत्री के विवाह हेतु रू0 50,000 की अनुदान राशि के रूप में सहायता दी जाती है? यदि हां, तो विगत 2 वर्षों से आवेदन करने वाले आवेदकों को उक्त योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा सल्ट में 'शादी अनुदान' के तहत विगत 2 वर्षों में कुल कितने आवेदकों ने आवेदन किया है, तथा उसके सापेक्ष कुल कितने आवेदकों को इस योजना का लाभ दिया गया है, और कितने शेष रह गये है? क्या राज्य सरकार 'शादी अनुदान' हेतु आवेदन किये गये आवेदकों को इस योजना के द्वारा शीघ्र लाभ देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.06.2018 | 14. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर जनपद हरिद्वार में वर्ष 2012 में तत्कालीन समाज कल्याण मंत्री द्वारा आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की गयी थी? क्या यह सत्य है कि वर्तमान में उक्त विद्यालय राजकीय इण्टर कालेज छापुरशेर अफगानपुर में चल रहा है तथा इस विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक 120 छात्र/छात्राऐं शिक्षा ग्रहण कर रही है? क्या सरकार जनहित में उक्त विद्यालय का निर्माण मखनपुर में चयनित हो चुकी भूमि पर करायेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.06.2018 | 15. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विधवा महिलाओं की पुत्री के शादी के लिए रू0 50,000 (रूपये पचास हजार) की अनुदान राशि प्रदान की जाती है? यदि हां, तो वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 में कुल कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुये तथा कितनी पात्र महिलाऐं इससे लाभान्वित हुई है और कितनी वंचित रह गयी है? क्या सरकार इन शेष पात्र महिलाओं को भी लाभान्वित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.06.2018 | 16. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना गौरादेवी कन्या धन योजना, विकलांग पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन के लिए अर्हता हेतु मासिक वित्तीय आय सीमा अत्यधिक कम निर्धारित की गई है जिससे बड़ी संख्या में समाज का पिछड़ा वर्ग इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार आय सीमा को बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.06.2018 | 17. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि गौरा देवी कन्या धन योजना की आय का मानक पूर्व से ही 1300 रूपये प्रतिमाह है? क्या सरकार गौरा देवी कन्या धन हेतु आय का मानक मनरेगा मजदूरी के हिसाब से 6600 रूपये से अधिक प्रतिमाह करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>07.06.2018 | 18. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगें कि प्रदेश में लघुढाल द्वारा कुल कितनी लिफ्ट सिंचाई योजनायें स्थापित है, तथा इनमें से कितनी संचालित है तथा कितनी बन्द है तथा इनके संचालन हेतु ऑपरेटर्स की क्या व्यवस्था है तथा उनको कितना वेतन दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगें कि सिंचाई योजनाओं से पेयजल की आपूर्ति का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत है, यदि हां, तो इस पर कब तक अमल होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>07.06.2018 | 19. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगें कि जनपद रूद्रप्रयाग में सिंचाई विभाग की कुल कितनी नहरें निर्मित की गई है इनमें से कितनी संचालित है, कितनी आंशिक रूप से संचालित है तथा कितनी बन्द है? सिंचन क्षमता बढ़ाने के लिये क्या प्रयास किये जा रहे है तथा सिंचित क्षेत्र को बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा कोई कार्य योजना तैयार की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.06.2018 | 20. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि आधार कार्ड बनाने में कुछ बहुत ही बुजुर्ग लोगों के अंगुलियों के निशान स्पष्ट नहीं आ पा रहे है और कई बुजुर्गों के एक ऑख या दोनों ऑखों से बन्द होने से भी उनके आधार कार्ड नहीं बन पा रहे है? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत है कि आधार कार्ड न बन पाने से पेंशन व अन्य सुविधाओं से भी कुछ लोग वंचित हो जा रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार इस स्थिति में बिना आधार कार्ड के | समाज कल्याण |

या अन्य कोई और उपाय द्वारा पेंशन तथा आधार से संबंधित अन्य सुविधाऐं लोगों को प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
07.06.2018

21. क्या पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक मंदिर तालेश्वर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटन केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में पर्यटन विकास हेतु शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
07.06.2018

22. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में देघाट क्षेत्र के मसानगड़ी व स्याल्दे की विनोद नदी पर छोटे–छोटे बॉध बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी जिससे पेयजल, सिंचाई व पर्यटक सुविधाओं का निर्माण होना था? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इस योजना पर क्या–क्या कार्य किये है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि जनहित में कब तक इसका निर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
07.06.2018

23. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 5 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर इन्हलू गांव हेतु लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इस योजना के निर्माण की प्रगति क्या है? क्या मंत्री जी जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

काजी मौ0 निजामुद्दीन
07.06.2018

24. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में नहर, रजबाहे और माइनर कैनाल की परिभाषा क्या है? इनकी परिभाषा का आधार क्या है? क्या कालान्तर में इनकी परिभाषा में परिवर्तन हुआ है? यदि हुआ है तो क्यों? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

काजी मौ0 निजामुद्दीन
07.06.2018

25. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य में जनपदवार कितनी नहरें हैं? इनमें से इस समय कितनी कार्यरत है और कितनी बंद नहरें है? बंद नहरें क्रमशः किस दिनांक से कार्य नहीं कर रही है? सिंचाई विभाग प्रदेश में बंद पड़ी नहरों को किस दिनांक तक पूर्ण रूप से चालू कर लेगा?

सिंचाई

काजी मौ0 निजामुद्दीन
07.06.2018

26. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार में कितनी और कौन सी नहरें, रजबाहे और माइनर कैनाल उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग के पास है? इनकी वार्षिक मरम्मत कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 और 2018–2019 में क्या प्राविधान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>07.06.2018 | 27. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर ब्लाक में डाडापट्टी से हरिद्वार के लिए सिकरौढ़ा से रूड़की व भगवानपुर से चुडियाला होते हुए बिण्डुखडक तक रोडवेज बस सेवा आरम्भ की गई थी? यदि हां, तो क्या वर्तमान में यह सेवा चल रही है? यदि नहीं तो क्या सरकार उक्त बस सेवाओं को पुनः प्रारम्भ करेगी? | परिवहन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>07.06.2018 | 28. **स्थगित**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के लोगों के लिए विभिन्न कल्याण योजनायें संचालित की जाती है? यदि हां, तो उक्त योजनाओं के विगत तीन वर्षों में आवंटित धनराशि का विवरण क्या है? क्या यह धनराशि समय पर अवमुक्त की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>08.06.2018 | 29. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार में सिंचाई विभाग के कुल कितने अधिकारी और कर्मचारी किस–किस पद पर तैनात है और इन अधिकारियों का कार्य विभाजन किस प्रकार से हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.06.2018 | 30. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि उनके द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर देघाट में मसानगड़ी, विनोद नदी व जैनल तक रामगंगा नदी में आवश्यक स्थानों पर बाढ़ सुरक्षा हेतु तटबन्ध बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या आतिथि तक इस योजना हेतु क्या–क्या कार्य किये गये है? क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेगी कि जनहित में कब तक योजना का निर्माण पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>08.06.2018 | 31. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में कितने मोटर मार्ग है तथा कितने मोटर मार्गों पर परिवहन निगम की बसें संचालित की जा रही है? क्या सरकार सभी मोटर मार्गों पर परिवहन निगम की बसें संचालित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.06.2018 | 32. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम लि0 द्वारा वर्तमान में कुल कितनी बसें अनुबंधित की गयी है और उनसे सरकार को क्या लाभ/हानि हो रही है? यदि अनुबंधित बसों से हानि हो रही है तो क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई योजना बनाई जा रही है? | परिवहन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>08.06.2018 | 33. **तृतीय सोमवार के अतारांकित–87 में स्थानान्तरित**<br>''क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड में ''ऋषिकेश–कर्णप्रयाग'' रेलवे लाइन तथा चारधाम रेलवे लाइन के अतिरिक्त ऑल वेदर रोड़ का भी निर्माण कार्य चल रहा है, इस परियोजना के लिये रेल विकास निगम लिमिटेड तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिये प्रदेश सरकार ने किसी अभिकरण का गठन किया है? यदि हां, तो किसका? यदि नहीं, तो क्यों?'' | परिवहन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>11.06.2018 | 34. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि जनपद रूद्रप्रयाग में बुटोला जाति के लोगों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित कर प्रमाण पत्र निर्गत किये गये है, लेकिन अब उस पर रोक लगा दी गई है? मंत्री जी बतायेंगें कि क्या यह रोक हटाई जायेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>11.06.2018 | 35. | क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगें कि उत्तराखण्ड में अन्य पिछड़ी जाति में कौन–कौन सी जातियां शामिल हैं तथा उनकी कुल आबादी कितनी है? क्या सरकार के सम्मुख जातियों को सम्मिलित किये जाने को कोई प्रस्ताव है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.06.2018 | 36. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ाने के लिए सरकार कोई नीति बनाने जा रही है? यदि हां, तो वह क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2015–16 व 2016–17 में कुल कितने विदेशी पर्यटकों के द्वारा प्रसिद्ध तीर्थस्थलों व पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया गया? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.06.2018 | 37. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि टिहरी बांध परियोजना निर्माण के फलस्वरूप पुनर्वास निदेशालय द्वारा आंशिक डूब क्षेत्र के ग्रामों के पूर्ण रूप से प्रभावित 75 प्रतिशत परिवारों तथा अवशेष 25 प्रतिशत परिवारों की आर0एल0 835 ऊपर की अवशेष भूमि को अध्याप्त किया जाना था? क्या यह सत्य है कि ऐसे 25 प्रतिशत परिवारों की भूमि को अभी तक अध्याप्त नहीं किया गया है?क्या सरकार 75 प्रतिशत पूर्ण प्रभावित परिवारों वाले ग्रामों में भी अवशेष 25 प्रतिशत परिवारों के लिए भी यह प्रक्रिया अपनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.06.2018 | 38. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विभागीय सिंचाई नहरें कौन–कौन सी है? इनमें से किन–किन नहरों में सुचारू रूप से पानी चल रहा है व कौन–कौन नहरें बंद है? क्या सरकार बंद नहरों के पुर्ननिर्माण व मरम्मत के लिए धन स्वीकृत करने की कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.06.2018 | 39. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के सकलाना पट्टी अन्तर्गत देहरादून वाया रायपुर–कुमाल्टा–आनंदचौक–सत्यों –कद्दूखाल–चम्बा–नई टिहरी तक तथा नई टिहरी से बस इसी मोटर मार्ग से होते हुए देहरादून तक उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवा का संचालन किया जायेगा? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.06.2018 | 40. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों की मांग पर तथा यात्रियों, श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की सुविधा व समय–धन की बचत हेतु देहरादून–मसूरी–सुवाखोली–भवान–नगुण–उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर दोपहर एक व दो बजे के मध्य परिवहन निगम की बस का संचालन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.06.2018 | 41. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार द्वारा गंगा मां को पवित्र रखने के लिए महापुरूषों, देवी–देवताओं व भक्तों के नाम से जो घाट बनाए जा रहे है, उनमें से गंगा के परम भक्त सन्त शिरोमणि गुरू रविदास जी के नाम से घाट बनाए जाने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12.06.2018 | 42. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर मरचूला में झील का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार बताने का कष्ट करेगी कि आतिथि तक झील निर्माण कराये जाने की योजना की प्रगति क्या है? क्या सरकार जनहित में झील का शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>12.06.2018 | 43. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>''क्या परिवहन मंत्री बतायेंगें कि वाहन दुर्घटना में ऐसे पीड़ित जिनके शव प्राप्त नहीं हो पाते उनके परिजनों को मृत्योपरांत प्राप्त होने वाले लाभों एवं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को मृत घोषित करने के संबंध में क्या नियम है? क्या मजिस्ट्रियल जांच से इस बात का यकीन होने पर कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के बचने की कोई सम्भावना नहीं लेकिन शव प्राप्त नहीं हो सका, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?'' | परिवहन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>12.06.2018 | 44. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद रूद्रप्रयाग में कुल कितने परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे है, क्या ऐसे सभी व्यक्तियों को बी0पी0एल0 क्रमांक आवंटित किये जा चुके है? यदि हां, तो कुल कितने? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेश राठौर<br>12.06.2018 | 45. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड राज्य में अनुसूचित जाति में आने वाली कंजर जाति को सम्मान दिये जाने के परिप्रेक्ष्य में (गिहार) जाति का प्रमाण पत्र दिये जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हां, तो विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों एवं क्या भविष्य में कोई प्रस्ताव विचार में लाया जायेगा? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेश राठौर<br>12.06.2018 | 46. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार की विधान सभा ज्वालापुर में एम0एस0डी0पी0 (बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम) योजना में कुल कितने प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2017–18 में प्रस्तावित किये गये थे व उक्त प्रस्ताव गहन अध्ययन के पश्चात भारत सरकार को भेजे गये है? यदि नही ंतो संबंधित विभाग/अधिकारी/कार्यदायी संस्था (एस्टीमेट बनाये जाने हेतु) के विरूद्ध की गयी कार्यवाही से अवगत करवायेगे? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री सुरेश राठौर<br>12.06.2018 | 47. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के मध्य गंगा नदी व उसकी नहरों का जल बंटवारा किस प्रकार किया गया है? उत्तरी गंग नहर के कितने जल से उत्तराखण्ड प्रदेश की कितनी कृषि भूमि सिंचित होती है? तथा क्या उक्त जल पर्याप्त मात्रा में प्रदेश की कृषि भूमि की सिंचाई हेतु उपलब्ध है? यदि हां, तो मंत्री जी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13.06.2018 | 48. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना निर्माण के फलस्वरूप जनपद टिहरी व उत्तरकाशी के कुल कितने गांव व परिवार पूर्ण रूप से प्रभावित हुए है, जिन्हें भिन्न–भिन्न स्थानों पर पुनर्वासित किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि प्रभावित परिवारों में से कुल कितने परिवारों के एक सदस्य को परियोजना में नौकरी पर रखा गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>13.06.2018 | 49. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्यालदे विकासखण्ड में पौराणिक मानिला मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र का निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने व जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>13.06.2018 | 50. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक मरचूला मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आतिथि तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने व जनहित में इसका शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री चन्दनराम दास<br>13.06.2018 | 51. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि स्वामी विवेकानन्द की कर्म स्थली देवलधार को पर्यटन सर्किट से जोड़ने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो देवलधार क्षेत्र में कोई टी0आर0सी0 का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है? यदि हां, तो सरकार कब तक देवलधार में टी0आर0सी0 के निर्माण की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री संजय गुप्ता<br>13.06.2018 | 52. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र लक्सर के ग्राम फतवा से ग्राम गंगदासपुर तक गंगा नदी के किनारे सुरक्षा दीवार जीर्ण–शीर्ण अवस्था में होने के कारण गांववासियों को असुविधा हो रही है? यदि हां, तो क्या उक्त ग्रामों में नदी किनारे सुरक्षा दीवार का निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री संजय गुप्ता<br>13.06.2018 | 53. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र लक्सर में बाणगंगा नदी का प्रवाह रोकने/परिवर्तित करने से उनके पुराने मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांव के निवासी एवं तीर्थस्थल में आने वाले श्रद्वालुओं को परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या उक्त नदी का प्रवाह पूर्व की भॉति प्रारम्भ कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री संजय गुप्ता<br>13.06.2018 | 54. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र लक्सर के लक्सर शहर में रोड़वेज बस अड्डा न होने के कारण स्थानीय जनता को असुविधा हो रही है? यदि हां, तो क्या लक्सर शहर में रोड़वेज बस अड्डे का निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री संजय गुप्ता<br>13.06.2018 | 55. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर में सोलानी नदी में सिल्ट जमा होने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से कृषि भूमि का निरन्तर कटाव हो रहा है? यदि हां, तो क्या उक्त नदी से सिल्ट हटाने का कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री संजय गुप्ता<br>13.06.2018 | 56. क्या तीर्थाटन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के ग्राम पंचेवली में स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध पंचलेश्वर महादेव मंदिर का सौन्दर्यकरण न होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इस प्राचीन मंदिर का सौन्दर्यकरण/जीर्णोद्धार करायेगी? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन |
| श्री सुरेश राठौर<br>13.06.2018 | 57. क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत तालाबों का सौंदर्यकरण व उनके विकास हेतु कार्य योजनाओं पर विचार/कार्य चल रहा है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्रामीण तालाब |
| श्री सुरेश राठौर<br>13.06.2018 | 58. क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में कितने धार्मिक मेलों का संपादन उक्त विभाग के अन्तर्गत किया जाता है व क्या उन मेलों (क्षेत्रवार) के सफल संपादन हेतु पृथक से टीम का गठन किया जाता है? यदि नहीं, तो क्या कोई ऐसा प्रस्ताव भविष्य में विचार में लाया जाएगा? | तीर्थाटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.06.2018 | 59. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में शिल्पी ग्राम (अनु0जाति) योजनान्तर्गत लोहार कार्य करने वाले पारम्परिक कारीगरों को लोहार कार्यशाला निर्माण हेतु उत्तरांचल बहुद्देशीय वित्त विकास निगम लि0 से अनुदान दिया जाता है? यदि हां, तो वर्ष 2015–16 व 2017 में इस योजनान्तर्गत लोहार कारीगरों को लोहार कार्यशाला निर्माण हेतु कितने परिवारों को लाभान्वित किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.06.2018 | 60. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम लि0 द्वारा कितनी ए0सी0/वाल्वो/डबल डेकर बसें चलाई जा रही है? प्रत्येक बस से प्रतिमाह सरकार को क्या लाभ/हांनि हो रही है? यदि हांनि हो रही है तो सरकार इस संबंध में सुधार हेतु क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.06.2018 | 61. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक नारायण मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार प्रदेश जनहित में पर्यटन विकास हेतु शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.06.2018 | 62. क्या परिवहन मंत्री यह बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र लैंसडौन के अन्तर्गत कुल कितने सड़क मार्ग यातायात सुविधा के लिए स्वीकृत है? क्या सरकार यातायात सुविधा हेतु उपर्युक्त सड़क मार्गों को अनुमति प्रदान करने के लिए कोई कार्यवाही करने जा रही है? यदि हां, तो क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री संजय गुप्ता<br>14.06.2018 | 63. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर में लक्सर से पुरकाजी एवं लक्सर से रूड़की उत्तराखण्ड परिवहन निगम की सीधी बस सेवा नहीं होने के कारण स्थानीय जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों में सीधी बस सेवा प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री संजय गुप्ता<br>14.06.2018 | 64. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर में ग्राम कबूलपुर एवं जसपुर में गंगा नदी पर बांध के निर्माण कार्य से प्रभावित किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा न मिलने से प्रभावितों में रोष व्याप्त है? यदि हां, तो क्या सरकार प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा देने की कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>14.06.2018 | 65. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली में लस्तर बाया का निर्माण होना था जिसके लिए करोड़ों की लागत के पाइप खरीदे गये लेकिन योजना पर कोई कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि परियोजना का कार्य क्यों बन्द हुआ है? क्या यह पुनः चालू होगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेश राठौर<br>14.06.2018 | 66. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि सिंचाई विभाग द्वारा तहसील रामनगर जिला नैनीताल में अपनी भूमि को वैणू नेत्र संस्थान को लीज पर दी गई है? यदि हां, तो लीज पर दी गई भूमि हेतु क्या शर्तें निर्धारित की गई थी एवं उन शर्तों का पूर्णरूपेण अनुपालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो विभाग द्वारा इस भूमि को किस उपयोग में लाया जाएगा? | सिंचाई |
| श्री सुरेश राठौर<br>14.06.2018 | 67. क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में प्रतिवर्ष होने वाला कांवड मेला धार्मिक मेले के अन्तर्गत आता है या नहीं? यदि हां, तो उक्त मेले के लिए कितनी बजट व्यवस्था प्रतिवर्ष प्रस्तावित होती है? कांवड यात्रा मार्ग में विश्राम शिविर, चिकित्सा, पेयजल, लाईट, शौचालय आदि की क्या व्यवस्था की जाती है? मा0मंत्री जी क्या सम्पूर्ण व्यवस्था का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | तीर्थाटन |
| श्री सुरेश राठौर<br>14.06.2018 | 68. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों हेतु कौन–कौन सी कल्याणकारी योजना चलायी जा रही है व उन योजनाओं के जनपदवार पात्र लाभार्थियों की वर्ष 2012 से अभी तक कुल संख्या कितनी है? क्या बेसहारा, गरीब व अक्षम वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान हेतु कोई विशेष निधि योजना बनाये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>15.06.2018 | 69. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा जखोली ब्लांक के चिरबटिया में पर्यटक विश्राम गृह का निर्माण किया गया था जो कि वर्तमान में बदहाल अवस्था में है? क्या पर्यटन विभाग द्वारा इसका संज्ञान लेकर इसके संचालन की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.06.2018 | 70. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम माधोपुर ब्लाक रूड़की में कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण कराने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.06.2018 | 71. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों की मांग पर देहरादून से मसूरी–केम्टीफॉल–यमुनापुल– नैनबाग–पन्तवाड़ी–ऐन्दी–बनचौरा –बड़ेथी –धरासू–उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस का संचालन करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.06.2018 | 72. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2014–15 व 2015–16 में बाढ़–भूस्खलन व अतिवृष्टि से कितनी सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त हुई है? क्या सरकार ऐसी क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का जनहित में पुनर्निर्माण / मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>18.06.2018 | 73. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक भैरव मंदिर के सौन्दर्याकरण व पर्यटन केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में पर्यटन विकास हेतु शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>18.06.2018 | 74. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में किसान पेंशन योजना लागू है? यदि हां, तो क्या किसानों को उक्त पेंशन दी जा रही है? यदि हां, तो उस योजना का नाम व तद्संबंधी पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.06.2018 | 75. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के गाम नजरपुरा ब्लाक नारसन में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यकरण कराने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.06.2018 | 76. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल में स्वीकृत वृद्धावस्था, विधवा तथा विकलांग पेंशनरों की संख्या कितनी है? क्या मंत्री जी को यह भी जानकारी है कि अधिकांश पेंशनरों की आजीविका इससे ही चलती है किन्तु कई महीनों से अधिकांश पेंशनरों को पेंशन न मिलने से इन्हें भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो वह कौन से कारण है तथा क्या भविष्य में प्रतिमाह पेंशन भुगतान कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.06.2018 | 77. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी से लगभग एक घण्टे के अंतराल पर प्रातः 09 बजे 9:15 बजे व 10:00 बजे उत्तराखण्ड परिवहन निगम की तीन बसें वाया चम्बा–ऋषिकेश–हरिद्वार जाती है? क्या यह सत्य है कि उत्तरकाशी से वाया नगुण–मोरयाणा–भवान–सुवाखोली–मसूरी– देहरादून मोटर मार्ग पर केवल एक ही बस संचालित है? क्या यह भी सत्य है कि ऋषिकेश–चम्बा–उत्तरकाशी मोटर मार्ग की सुवाखोली–भवान–नगुण– उत्तरकाशी मोटर मार्ग के वनिस्वत 70 कि0मी0 अधिक दूरी होने के कारण सारे लोग सुवाखोली–भवान–नगुण मोटर मार्ग से ही आवागमन कर रहे है? क्या सरकार उपरोक्त बसों में से दो बसों का संचालन वाया नगुण–भवान–सुवाखोली–देहरादून करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.06.2018 | 78. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के जिन दुर्गम क्षेत्रों में राज्य परिवहन निगम अपनी बस सेवा नहीं दे पा रहा है, वहां प्राईवेट ऑपरेटरों को परमिट देने की कोई योजना है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>19.06.2018 | 79. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में स्थित नीलकंठ धाम में सरकार ''रोपवे'' सेवा प्रारम्भ करने की मंशा रखती है? यदि हां, तो इसका सर्वेक्षण और डी0पी0आर0 कब तक तैयार हो जायेगी? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि योजना का कार्यान्वयन कब प्रारम्भ होगा तथा इसे कब तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.06.2018 | 80. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक शिव मंदिर कैहड़गांव के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार जनहित में पर्यटन विकास हेतु शीघ्र निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.06.2018 | 81. **स्थगित**<br>''क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के मानक क्या है? वर्ष 2015–16 में हरिद्वार जिले में निर्माण कार्यों हेतु विधानसभावार कितना धन आवंटन किया गया? विधान सभा झबरेड़ा में कितना धन आवंटन किया जा रहा है? यदि विधान सभा भगवानपुर हेतु पिछली पंचवर्षीय योजना में कम धन आवंटित किया गया है तो इसके क्या कारण है? क्या विधान सभा झबरेड़ा में एस0सी0पी0 के अधीन धन आवंटित किए जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?'' | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.06.2018 | 82. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में वक्फ सम्पत्तियों पर हुए अवैध कब्जों को सरकार द्वारा चिन्हित कर कोई कार्यवाही कब्जा धारियों के विरूद्ध की गई है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.06.2018 | 83. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी–कैम्पटीफॉल, नागटिब्बा, धनोल्टी, कद्दूखाल, देवलसारी और मोरयाणा आपस में नजदीकी क्षेत्र है एवं जौनपुर क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान रीति–रिवाज, बोली–भाषा व पहनावे के लिए प्रसिद्ध है, को पर्यटन सर्किट से जोड़ने से देशी–विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी? यदि हां, तो सरकार इस दिशा में क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.06.2018 | 84. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन की अपार सम्भावनायें है? यदि हां, तो अब तक प्रदेश के किन–किन स्थानों में कौन–कौन सी साहसिक गतिविधियां संचालित की जा रही है और भविष्य के लिए क्या योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.06.2018 | 85. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में रज्जूमार्ग निर्माण की योजना वर्षों से गतिमान है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि दयारा–बुग्याल तथा यमनोत्री धाम के रज्जूमार्ग तथा अन्य रज्जूमार्ग निर्माण की स्वीकृति एवं निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.06.2018 | 86. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम रूड़की में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यकरण की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.06.2018 | 87. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि पूर्व में चली आ रही 'गौरा कन्या धन योजना' समाप्त कर दी गयी है? यदि हां, तो सरकार द्वारा जनहित में 'गौरा कन्या धन योजना' के स्थान पर कोई नयी योजना बनाई गयी है? यदि हां, तो तद्संबंधित पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.06.2018 | 88. क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि मुख्यमंत्री द्वारा अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर स्याल्दे विकासखण्ड में पौराणिक भौनादेवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि आज समय तक इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण व पर्यटक केन्द्र के निर्माण को कराये जाने में क्या प्रगति हुई है? क्या सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने व जनहित में इसका शीघ्र निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.06.2018 | 89. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण ब्लाक नारसन में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यकरण कराने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.06.2018 | 90. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सहायक अभियंता चतुर्थ सिंचाई उपखण्ड का सृजन वर्ष 2016–17 में किया गया था इस उपखण्ड में सहायक अभियंता की पदस्थापना थत्यूड़ एवं सकलाना क्षेत्र में होने वाले समस्त विभागीय कार्यों के सम्पादन के लिए की गयी थी? क्या यह सत्य है कि इस कार्यालय का मुख्यालय थत्यूड़ में न होने के कारण काश्तकारों, जनप्रतिनिधियों तथा ठेकेदारों इत्यादि को विभागीय कार्यों के सम्पादन हेतु 150 कि0मी0 दूर नरेन्द्रनगर मुख्यालय पर जाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या उक्त उपखण्ड ब्लाक मुख्यालय थत्यूड़ में स्थापित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.06.2018 | 91. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में सरकार द्वारा दी जा रही वृद्धवस्था/विकलांग/विधवा पेंशन को बढ़ाने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि बढ़ती महंगाई को दृष्टिगत रखते हुए उक्त पेंशन में वृद्धि किया जाना नैसर्गिंक न्याय होगा? यदि हां, तो वृद्धवस्था, विकलांग तथा विधवा पेंशन में वृद्धि की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.06.2018 | 92. **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित –44 में स्थानान्तरित)**<br>'' क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अगलाड़ नदी क्षेत्र व सकलाना क्षेत्र में औसतन प्रतिवर्ष आने वाले बाढ़ के कारण जन जीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त और प्रभावित होता है? सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों?'' | बाढ़ नियन्त्रण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.06.2018 | 93. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ऋण उपादान/स्वरोजगार योजना संचालित है? यदि हां तो इसके क्या लाभ है एवं आतिथि तक इस योजना के आवेदन प्राप्त हुए व स्वीकृति की संख्या क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.06.2018 | 94. क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी है कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में धनोल्टी नागटिब्बा ट्रैक मार्ग वर्षों से पर्यटन मानचित्र पर दर्शित होने के कारण वर्षभर देशी एवं विदेशी पर्यटक इस ट्रैक मार्ग पर ट्रेकिंग करते है, किन्तु मूलभूत सुविधायें न होने के कारण पर्यटकों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? यदि हां तो क्या सरकार इस ट्रैक रूट सुधारीकरण व सुविधायें विकसित करने के क्या–क्या योजनायें तैयार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.06.2018 | 95. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खाताखेडी ब्लाक रूड़की में रविदास मंदिर की चारदीवारी एवं सौन्दर्यीकरण कराने की सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>27.06.2018 | 96. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के जोशीमठ विकासखण्ड के उर्गमधारी (कल्पेश्वर महादेव) क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाऐं है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की कोई योजना तैयार कर रही है? यदि हां, तो उक्त क्षेत्र में कल्पेश्वर महादेव परिक्रमा मार्ग बनाने पर विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.06.2018 | 97. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में दैनिक वेतन के आधार पर लम्बे समय से कार्यरत चालकों एवं परिचालकों को स्थायी कर्मचारी के रूप में विनियमित करने की सरकार की कोई योजना है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.06.2018 | 98. क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पर्यावरण संरक्षण हेतु निजी तालाब बनाने वाले ग्रामीणों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन दिये जाने की कोई योजना सरकार द्वारा बनायी गयी है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्रामीण तालाब |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.07.2018 | 99. | **तृतीय सोमवार के अतारांकित–86 में स्थानान्तरित**<br>''क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि बढ़ती आवादी के कारण तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु सरकार द्वारा किसी विशेष कार्यबल की गठन की योजना सरकार ने बनायी है, अथवा नहीं, यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?'' | **ग्रामीण तालाब** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.07.2018 | 100. | क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि अल्पसंख्यकों की धार्मिक एवं भाषायी संख्याओं जैसे अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड, मदरसा बोर्ड तथा उर्दू अकादमी आदि के पुर्नगठन की सरकार की कोई योजना है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **अल्पसंख्यक कल्याण** |

## नत्थी-"घ"

**कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 17 सितम्बर, 2018 की बैठक में दिनांक 18 सितम्बर, 2018 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

**सितम्बर, 2018**

| | |
|---|---|
| 18 (मंगलवार) | (1) अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना। |
| | (2) औपचारिक कार्य। |

Scanned by CamScanner